पंजाब केसरी 19/03/2023

# जी.एम.एन. कॉलेज में हुआ 53वें वार्षिकोत्सव खेल महोत्सव का समापन, विजेताओं को किया पुरस्कृत

**अम्बाला छावनी, ( कोचर ):** कैंट के जी.एम.एन. कॉलेज 53वें दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव के दूसरे एवं समापन दिवस पर विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में अम्बाला छावनी के एस.डी.एम. सत्येंद्र सिवाच ने शिरकत की। कॉलेज गवर्निंग बॉडी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर मुख्यातिथि एस.डी.एम. सत्येंद्र सिवाच ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों से प्रसन्न होकर कहा कि खेल हम सब के लिए जरूरी है, क्योंकि शारीरिक विकास ही मानसिक विकास का आधार है।

प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा रूचि भट्ट बैस्ट वूमैन एथलीट एवं बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र आशीष को बैस्ट पुरुष एथलीट घोषित किया गया। पुरुष शिक्षकों की 100 मीटर दौड़ में डॉ. दीपक अहलावत ने प्रथम, अमनीश ने द्वितीय और विशाल तनेजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला शिक्षकों की 100 मीटर दौड़ में डा. अनुपमा सिहाग ने प्रथम, उदिता ने द्वितीय और डा. कमलेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला शिक्षक चाटी रेस में डा. जसबीर कौर प्रथम, डा. कमलेश द्वितीय व डा. सरोज व डा. अनुपमा सिहाग तृतीय स्थान पर रहे।





*अलग-अलग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते कॉलेज के विद्यार्थी एवं शिक्षक।* (चंद्रमोहन)

नॉन टीचिंग स्टाफ दौड़ में अनिल कुमार ने प्रथम, संजीव ने द्वितीय और संजीव कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।